## खबर संक्षेप



### गीता महोत्सव को लेकर दिया राज्यमंत्री को न्योता

**रादौर।** सैनी समाज रादौर के सदस्यों ने कुरुक्षेत्र में गीता जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले गीता महोत्सव के लिए उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी को निमंत्रण दिया। इस दौरान सदस्यों का नेतृत्व सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने किया। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि निमंत्रण के दौरान राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि कुरूक्षेत्र गीता महोत्सव पूरे प्रदेश में विख्यात होता है। जिसमें पूरे प्रदेश की संस्कृति नजर आती है। महाभारत युद्ध की साक्षी रही कुरूक्षेत्र भूमि पर गीता जयंती समारोह में जाने का मौका वह जाने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत कर दी है।

### घर में घुसकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**यमुनानगर।** सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। लड़की के शोर मचाने पर आरोपी युवक वहां से भाग गया। पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदर जगाधरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक नवंबर को रात 10 बजे उसकी लड़की खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गई थी। इस दौरान उनके गांव का ही आशीष उनके घर में घुस गया। इस दौरान आरोपी ने उसकी लड़की के साथ गलत हरकतें करनी शुरू कर दी। आरोपी ने उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया।

### महाराजा रणजीत सिंह का जन्मदिवस मनाया

**रादौर।** जाट छात्र संघ के तत्वावधान में मंगलवार को रादौर में महाराजा रणजीत सिंह का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मौके पर प्रधान साहिल बालियान के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने महाराजा रणजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन भेंट किए। मुख्य वक्ता साहिल बालियान ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह का जन्म 4 नवंबर 1780 को उनका जन्म गुजरांवाला में हुआ था। वह जब 12 वर्ष के थे तो उनके पिता सरदार महासिंह का निधन हो गया था। रणजीत सिंह ने होश संभालते ही 1799 में लाहौर व 1805 में अमृतसर पर अपना नियंत्रण स्थापित किया किया था। उसके बाद उन्होंने कसूर, जम्मू, मुल्तान, कांगड़ा, शिमला और कश्मीर को एक-एक करके अपने राज्य में मिलाया। बाद में उन्होंने लद्दाख पर भी कब्जा किया। रणजीत सिंह ने जो विशाल शक्ति खड़ी की थी।

## बछड़े ने माता को बताया था ब्रह्महत्या के दोष मुक्ति का उपाय

# तीर्थ स्थल श्री कपालमोचन के महत्व के रहस्य का बछड़े ने खोला था राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भगवान सिंह राण :आदिकाल से भारतीय संस्कृति में ब्राह्मण व गुरु को देव तुल्य माना गया है। इनकी हत्या के पाप से पूरे ब्राह्मड में यदि कहीं मुक्ति मिलती है तो वह स्थान कपाल मोचन तीर्थ स्थल है। इस तीर्थराज पर बने कपाल मोचन सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करके मानव गुरु व ब्राह्मण हत्या के पाप से मुक्त हो जाता है। यही वजह है कि हर वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर तीर्थराज कपालमोचन में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय मेले में अपने पापों से मुक्त होने के उद्देश्य से दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर पवित्र सरोवरों कपाल मोचन, ऋण मोचन व सूरज कुंड सरोवरों में स्नान करके पुण्य के भागी बनते हैं।

- पापों से मुक्ति पाने के लिए हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर तीर्थस्थल पर पहुंचते हैं लाखों श्रद्धालु



यमुनानगर। कपालमोचन तीर्थराज के तट पर बना गऊ-बछड़ा मनोकामना मंदिर।

### कलियुग में तीर्थराज का बड़ा महत्व

मान्यता है कि कलयुग में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कपालमोचन सरोवर में स्नान करके हर प्रकार के पापों से मुक्त हो जाते हैं। इसी भावना से देश के कोने-कोने से कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु कपालमोचन सरोवर, ऋण मोचन सरोवर व सूरजकुंड सरोवर में बड़ी श्रद्धा भावना से स्नान करते हैं और सरोवर के तट पर बने मंदिर में गऊ-बच्छा के दर्शन करके अपने जीवन को सफल बनाते हैं। मान्यता है कि तीर्थ सरोवर में स्नान करके गऊ-बच्छा मंदिर में जो मन्नत मांगता है वह पूरी होती है।

### ऋषि दुर्वासा ने दिया था बछड़े को श्राप

ब्रह्म हत्या का दोष दूर होने पर जब गाय ने बछड़े से पूछा कि उन्हें इस तीर्थ का कैसे पता चला। तब बछड़े ने अपने पूर्व जन्म में मनुष्य होने तथा इसी स्थान पर तप कर रहे दुर्वासा ऋषि का मजाक उड़ाने पर दिए गए श्राप से पशु बनने तथा मुक्त होने की कथा विस्तार से सुनाई।

### भगवान शिव का सरोवर में स्नान से ब्रह्म कपाली दोष नष्ट

पौराणिक कथन के अनुसार तीर्थ राज कपालमोचन के नजदीक भवानीपुर में एक ब्राह्मण ने गोशाला बना रखी थी। जिसमें एक गाय अपने बछड़े के साथ रहती थी। कार्तिक पूर्णिमा के एक दिन पहले मध्य रात्रि के समय बछड़ा अपनी माता गाय से कहने लगा कि सुबह होते ही उसका मालिक ब्राह्मण उसे बधिया करवाएगा। यदि उसने ऐसा किया तो वह ब्राह्मण की हत्या कर देगा। इस पर गाय ने कहा कि इससे तुम्हें ब्रह्म हत्या का पाप लगेगा। तब बछड़े ने गाय को बताया कि उसे ब्रह्म हत्या का दोष उतारने का उपाय पता है। उसने बताया कि उनके नजदीक स्थित कपालमोचन सरोवर में स्नान करने से ब्रह्म हत्या का दोष दूर हो जाता है। बताया गया है कि सुबह के वक्त बधिया करते समय बछड़े ने ब्राह्मण की हत्या कर दी। ब्रह्म हत्या के कारण बछड़े और गाय दोनों का रंग काला हो गया। तब बछड़े ने गाय माता को अपने पीछे चलने के लिए कहा। जब बछड़े ने वर्तमान कपाल मोचन सरोवर में गाय माता के साथ प्रवेश किया तो दोनों का रंग सफेद हो गया। केवल पांव कीचड़ में तथा सींग पानी से ऊपर होने के कारण उनका रंग काला रहा गया। इस रहस्य के बारे में माता पार्वती ने भगवान शिव को बताया। इसके बाद भगवान शिव ने सरोवर में स्नान किया तो उनका ब्रह्म कपाली का दोष दूर हो गया।

## कपाल मोचन मेले में बिछड़ों को मिला रहा सूचना प्रसारण केन्द्र



यमुनानगर । श्री कपालमोचन मेले में स्थापित सूचना प्रशासरण केंद्र से अपनी सूचना प्रसारित करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

**यमुनानगर।** श्री कपाल मोचन मेले में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा स्थापित सूचना प्रसारण केन्द्र में दिन रात महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रसारण किया जा रहा है। सूचना प्रसारण केन्द्र द्वारा अब तक सैकड़ों की संख्या में सूचनाएं प्रसारित की जा चुकी हैं और मेले में बिछड़े हुए सदस्यों एवं बच्चों को अपने परिवारों से मिलवाया गया है। मेले के मुख्य प्रशासक एवं उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि सूचना केन्द्र में तैनात कर्मचारियों द्वारा यात्रियों के गुम हुए परिजनों, गुम हुए बैग, मोबाइल फोन व पर्स गिरने आदि की सूचना प्रसारित की जा रही है। इन सूचनाओं के के प्रसारित होने के बाद सूचना केन्द्र में मेला परिसर में गुम हुए श्रद्धालुओं के परिजनों सूचना केन्द्र के माध्यम से मिलवाया जा रहा है। वहीं, श्रद्धालुओं के गुम हुए सामान को सूचना केन्द्र पर संबंधित श्रद्धालुओं को सौंपा जा रहा है।

### मेला परिसर में राजस्थानी झूले बने आकर्षण का केंद्र



**यमुनानगर।** ऐतिहासिल तीर्थ स्थल कपालमोचन मेला में राजस्थानी झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। झूलों पर सवारी कर श्रद्धालु अपने आप को आनंदित कर रहे हैं। मेला स्थल पर इस बार छोटे-बड़े पांच झूले लगाए गए हैं। जिन पर सवारी करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। हालांकि मेला स्थल में श्रद्धालुओं के लिए अन्य कई मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं, लेकिन अधिकांश श्रद्धालु राजस्थानी झूलों को महत्व दे रहे हैं। झूला संचालक मनोहर का कहना है कि तीर्थ स्थल पर उन्हें इस बार झूलों से काफी उम्मीद है। वहीं स्थानीय लोगों ने भी झूले लगा रखे हैं।

*स्कूल की प्रिंसिपल स्वाति गोयल ने बच्चों को बताया गुरुपर्व का महत्व*

# हमें सभी धर्मों का करना चाहिए सम्मान : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शहर के पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल में मंगलवार को गुरु पर्व धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में गुरु पर्व के अवसर पर बच्चों के लिए लंगर का आयोजन किया गया। बच्चों को गुरु नानक जी के जीवन के बारे में बताया गया।

प्रिंसिपल स्वाति गोयल ने बच्चों को सत्य वचन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि यदि हम सही है तो हमें किसी भी गलत बात के सामने झुकना नहीं चाहिए। यह हमारी संस्कृति की महानता है जिसमें हम सभी भेदभाव भूलकर एक समान लंगर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। भाईचारे व सौहार्द की भावना का विकास होता है। सभी बच्चों से गुरु नानक सिंह जी के जीवन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने बड़े रोमांचक उत्तर दिए। स्कूल विद्या का मंदिर है। यहां सभी धर्म जाति को समान अधिकार व अवसर प्रदान किया जाता है। भारत इस विषय में एक संपन्न देश रहा है। इसलिए हमें सभी धर्मों का मान करना चाहिए। जिसे हम अपने जीवन में अपनाकर सफल हो सकते हैं। सभी बच्चों को पाठ की मर्यादा परंपरा व लंगर के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।



यमुनानगर। पर्ल किंडरगार्टन विंग स्कूल रादौर में आयोजित कार्यक्रम में लंगर में प्रसाद ग्रहण करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# अधिकारी सीएम विंडो की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर करें समाधान : प्रसाद

- नगर निगम आयुक्त महावीर प्रसाद ने सीएम विंडो की लंबित शिकायतों के निवारण के लिए अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ तय समय में दिया जाए व आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो। सीएम विंडो पर आने वाली नगर निगम संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने मंगलवार को विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों आयोजित बैठक में दिशा निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सुशासन की नीति के तहत आमजन की शिकायतों का बिना किसी देरी के निवारण करने के लिए सीएम विंडो प्रणाली स्थापित की गई है। सीएम विंडो पर नगर निगम से संबंधित आने वाली प्रत्येक शिकायत को अधिकारी गंभीरता से ले। सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज होते ही संबंधित अधिकारी व कर्मचारी समयबद्ध तरीके से उनका समाधान करें। सीएम विंडो पर आई शिकायतों का समाधान निर्धारित समय अवधि में करना सुनिश्चित करें। कहा कि सीएम विंडो आमजन और मुख्यमंत्री के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है। इससे विभागों की कार्यप्रणाली का पता भी चलता है कि कौन सा विभाग अपने कार्य को कितनी गंभीरता से कर रहा है।



यमुनानगर। निवारण को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद।

### लंबित शिकायतों की समीक्षा

बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी शाखाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों से लंबित शिकायतों की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि लंबित शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। 10 दिन में सभी लंबित शिकायतों का निपटान किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो की लंबित शिकायतों का 14 नवंबर तक हर हाल में समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा शिकायतों से संबंधित एक्शन टेकन रिपोर्ट बिल्कुल दुरुस्त व स्पष्ट हो। एक्शन टेकन रिपोर्ट पर यदि शिकायतकर्ता से संतुष्टि पत्र संभव न हो तो सीएम विंडो के इम्मीनेंट पर्सन से हस्ताक्षर करवाना सुनिश्चित करें।

# नपा पार्षदों ने बैडमिंटन हॉल के निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप

- नगर पालिका रादौर की भूमि पर लाखों रुपये की अनुदान राशि से बनाया जा रहा है बैडमिंटन हाल
- निर्माणाधीन बैडमिंटन हॉल की नींव पर बनाई दीवार के गिरने की बनी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगर पालिका रादौर की भूमि पर लाखों रुपये की अनुदान राशि से बनाए जा रहे बैडमिंटन हॉल के निर्माण कार्य में नपा पार्षदों ने अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। नपा पार्षदों का आरोप है कि बैडमिंटन हॉल के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाई जाने से दीवार गिरने की आशंका बन रही है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच करवाए जाने की मांग की है।

नपा रादौर के सीनियर पार्षद एवं भाजपा नेता भगवतदयाल कटारिया, पार्षद राजीव आर्य सन्नी व पार्षद प्रतिनिधि सुदेश सैनी ने बताया कि बिजली निगम की ओर से लाखों रुपये की अनुदान राशि से नगरपालिका की भूमि पर बनाए जा रहे बैडमिंटन हॉल का निर्माण करने में भारी अनियमिताएं बरती गई हैं। बैडमिंटन हॉल बनाने के लिए नींव की दीवारों में घटिया दर्जे की निर्माण सामग्री लगाई गई है। जिस कारण नींव की दीवार गिरने वाली है। लेकिन न तो बिजली निगम के अधिकारी व कर्मचारी और न ही नगरपालिका के अधिकारी व कर्मचारी बैडमिंटन हॉल बनाए जाने के कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। जिससे बैडमिंटन हॉल बनाए जाने के कार्यों में धांधली की जा रही है। उनकी मांग है कि रादौर में बनाए जा रहे बैडमिंटन हॉल की सरकार व प्रशासन विजिलेंस से जांच करवाए, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।



यमुनानगर। रादौर में बनाए जा रहे बैडमिंटन हॉल की खस्ता हालत नींव की दीवार दिखाते पार्षद। फोटो :हरिभूमि

*कपालमोचन मेले में धूनी रमाय बैठे संतों ने खोले दिल के राज*

# तीर्थस्थल अपने गुरु भाइयों से मिलने का स्थलः संत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ऐतिहासिक तीर्थ स्थल कपालमोचन मेले में देश भर के कोने-कोने से संत महात्मा जुटे हैं। वह रोजना तीर्थस्थल स्थित तीनों सरोवरों में स्नान करने का फल तो प्राप्त ही कर रहे हैं, मगर मेला स्थल में घूमकर वर्षों से बिछड़े अपने गुरु भाइयों की तलाश में भी जुटे हैं। संतो का कहना है कि तीर्थस्थल उनके लिए अपने गुरु भाइयों से मिलने के स्थल भी हैं।

राजस्थान के राजगढ़ स्थित डेरा महेश्वरानंद के महात्मा पूर्णनंद महाराज ने बताया कि वह पिछले करीब पंद्रह वर्षों से हर वर्ष श्रीकपालमोचन तीर्थ स्थल पर पहुंचकर तीनों सरोवरों में स्नान करते हैं। वह अपने अन्य गुरु भाइयों के साथ मेला स्थल पर कई दिन पहले पहुंच जाते हैं और कार्तिक पूर्णिमा के अंतिम स्नान के बाद हरिद्वार की ओर निकल जाते हैं। हर वर्ष वह वाराणासी जगतनाथपुरी, द्वारकाधीश व वृंदावन में जाकर मंदिरों में दर्शन करते हैं और वहां स्थित पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं। महाराज ने बताया कि साधु संत तीर्थों पर पहुंचकर पुण्य तो कमाते ही हैं, साथ में वह वर्षों से उनसे बिछड़ गए अपने गुरु भाइयों को भी तलाश करते हैं। ताकि तीर्थस्थल पर उनका कोई गुरु भाई मिल सके।



यमुनानगर। ऐतिहासिक कपालमोचन तीर्थ स्थल पर डेरा जमाए बैठे पूर्णनंद महाराज व अन्य साधु संत। फोटो :हरिभूमि

# दो घरों से नकदी सहित चुराए लाखों के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर 20 हजार रुपये की नगदी समेत लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खिल्लावाला निवासी इस्लाम ने प्रताप नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो नवंबर को घर का ताला लगाकर सुबह 11 बजे किसी काम से बाहर गया था। शाम को करीब छह बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखें 20 हजार रुपये, सोने की बालियां, टॉपस, कोका, मंगलसूत्र, छोटी तबीजी, पायल, हाथों के कड़े, छह चांदी की अंगूठियां, 10 चुकटियां तथा मंगलसूत्र गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब एक लाख 60 हजार रुपये है।

### मामले की जांच जारी

उधर, व्यासपुर की गणपति विहार कॉलोनी निवासी राजेंद्र शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो नवंबर को रात खाना खाने के बाद परिवार के सदस्यों के साथ सो गया था। सुबह जब उनकी आंख खुली तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी बाली, टॉपस, दो जोड़ी पाजेब, दो एफडी तथा अन्य दस्तावेज गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत करीब 88 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अधिकारियों व ठेकेदार को तय समय में निर्माण कार्य पूरा करवाने के निर्देश

# वार्ड 14 में 14.96 लाख की लागत से बनेगी चकाचक गलियां

**वार्ड 22 व 14 में होंगे 52.44 लाख के विकास कार्य, मेयर ने किया शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मेयर सुमन बहमनी ने मंगलवार को वार्ड 22 व वार्ड 14 में 52.44 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। दोनों विकास कार्यों के शिलान्यास के दौरान संबंधित पार्षद रूचि शर्मा, मार्किट कमेटी यमुनानगर चेयरमैन राकेश त्यागी, मंडल अध्यक्ष शुभम राणा, संगीता सिंगल, मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान की उपस्थिति रही। नगर निगम द्वारा वार्ड 22 की गोविंदपुरी कॉलोनी में मनु शर्मा के घर से बलबीर सैनी के घर तक आरसीसी पाइप डालने और सरकारी स्कूल से नवदुर्गा डेयरी तक गली व नालियों का निर्माण किया जाएगा। इस पर नगर निगम द्वारा 37 लाख 48 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इस कार्य से स्थानीय निवासियों को जल निकासी और आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसी तरहए वार्ड 14 के पुराना हमीदा की वाल्मीकि कॉलोनी 14.96 लाख रुपये की लागत सत्संग भवन से सकील के घर तकए सतपाल के घर से कृष्ण पाल के घर तक व समीम के घर से तारा वती के घर तक गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को निर्धारित समय अवधि में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

मार्किट कमेटी यमुनानगर चेयरमैन राकेश त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के कार्य हो रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह जनता की सरकार है और जनता की सेवा के लिए समर्पित है। भाजपा महामंत्री मनीष मांकेट महामंत्री पूजा मोंगा जंगशेर सिंहए संगीता सिंघल मौजूद रहे।



विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

### गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाए जा चुके है और करोड़ों रुपये के विकास शुरू किए हुए है। हमारा उद्देश्य निगम क्षेत्र की हर नियमित कॉलोनी की प्रत्येक कच्ची व क्षतिग्रस्त गलियों का निर्माण करानाए उनमें पानी निकासी का इंतजाम कराकर हर व्यक्ति की राह को सुगम बनाना है। निगम क्षेत्र में जनहित में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे है। जो भी समस्या उनके समक्ष आती है, उसका समाधान प्राथमिकता से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथए सबका विकास और सबका विश्वास के साथ हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करवा रही है। सभी कॉलोनियों में पक्की गलियों व नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। सभी न्यू एप्रूव्ड कॉलोनियों में पक्की गलियांए नालियां बनाने व अन्य विकास कार्य कराए जा रहे है। शहर में पानी निकासी को नालियांए पक्की सड़केंए पक्की गलियोंए सीवरेज सिस्टमए स्टॉर्म वाटर ड्रेनए भूमिगत पाइप लाइनए सुंदर पार्कए स्ट्रीट लाइटए सामुदायिक केंद्रए धर्मशाला व अन्य विकास कार्य करवाएं गए हैं। जल्द ही वार्ड के बाकी कार्यों का भी निर्माण शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्य शुरू करवाए गए है वहां की जनता इन कार्यों को करवाने में सहयोग करें। विकास कार्यों में कहीं भी गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन के लिए शिविर आज से

**लाडवा।** लाडवा एस.डी.एम. पंकज सेतिया ने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के आवेदन और के.वाई.सी. करवाने के लिए उपमंडल के सभी गांवों व शहरी क्षेत्र में तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 5 नवंबर से 7 नवम्बर तक लगाए जाएंगे। सुबह सुबह 9 से सायं 5 बजे तक रहेगा। शिविर में निवास स्थान, जन्मतिथि के सत्यापन के लिए पटवारी और नंबरदार शिविरों में मौजूद रहेंगे।

### कांग्रेस प्रवक्ता ने पटना साहिब में टेका माथा



**पिहोवा।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सरदार सतनाम सिंह विर्क ने आज पटना साहिब गुरुद्वारा में जाकर श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त देशवासियों को गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### ऑनलाइन रजिस्ट्री : कुरुक्षेत्र में 58 आवेदन स्वीकृत

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल और भ्रष्टाचार रहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का शुभारंभ किया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत नागरिक अब अपनी संपत्ति संबंधी रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं पेपरलेस रूप में सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि प्रणाली के पहले ही दिन प्रदेशभर में सबसे ज्यादा प्राप्त आवेदनों में से 58 आवेदन अकेले कुरुक्षेत्र में स्वीकृत किए गए हैं, जो इस नई पहल की सफलता का प्रमाण है।

## श्रीगुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर सजाया महान नगर कीर्तन

# सत्गुरु नानक प्रगट्या मिट धुंध जग चानन होया...

**जो बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारों से गूंज उठी धर्मनगरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीगुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली से महान नगर कीर्तन सजाया गया। सतगुरु नानक प्रगट्या मिट धुंध जग चानन होया...शबद के साथ जो बोले सोनिहाल सत श्री अकाल की गूंज से नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। शबद कीर्तन करते हुए संगत फूलों से सुसज्जित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की पालकी साहिब के साथ चलती रही। इससे पहले हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा, मैंबर हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, बीबी जसबीर कौर मसाना, इंदरजीत सिंह, हरजीत सिंह और सुखजिंदर सिंह मसाना, चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, अमला शाखा प्रभारी हरविंदर सिंह दनौली, मैनेजर हरमीत सिंह, दिलबाग सिंह, तजिंदर सिंह मक्कड़ सहित संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया।



कुरुक्षेत्र। प्रकाश पर्व पर सजाए गए महान नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के साथ चलती संगत।



कुरुक्षेत्र। प्रकाश पर्व पर सजाए गए महान नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारें।

### प्रधान जत्थेदार झींडा ने पंज प्यारों को सिरोपा भेंट किया

पंज प्यारों और निशानचियों को प्रधान जत्थेदार झींडा ने सिरोपा भेंट किया। तत्पश्चात गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी ज्ञानी बेअंत सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की और फिर नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व अन्य मैंबर साहिबान ने संगत को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में सजाए गए इस महान नगर कीर्तन के आगे-आगे युवक-युवतियां झाड़ू लगाकर रास्ता साफ कर रही थी, जबकि जल छिडकाव के साथ फूल भी बरसाए जा रहे थे। इसके अलावा नगर के साथ चल रहे बैंड ने शबद गायन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। फोटो परिचय

### इन स्थानों से निकाला नगर कीर्तन

यह नगर कीर्तन किरमिच रोड, चनारथल रोड, ढिल्लो कालोनी, अकाश नर्सरी, गोबिंदगढ़, सलारपुर रोड, रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, गुलजारी लाल नंदा मार्ग, अंबेडकर चौक, छोटा बाजार, सिकरी चौक, शास्त्री मार्किट, बिड़ला मंदिर चौक से होते हुए गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में देरसायं संपन्न हुआ।

**गुरबाणी के वातावरण से गूंज उठा परिसर**

## आदेश में मनाया श्रीगुरु नानक देव का प्रकाश पर्व



कुरुक्षेत्र। आदेश में मनाए गए प्रकाश पर्व के दौरान लंगर प्रसाद ग्रहण करते संगत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मोहड़ी में सिखों के प्रथम गुरु धन-धन श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान आदेश परिसर गुरबाणी के वातावरण से गूंज उठा। आदेश के प्रबंध निदेशक डा. गुणतास सिंह गिल ने बताया कि गुरु पर्व के उपलक्ष्य में रविवार को मेडिकल कॉलेज कांप्लेक्स में श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया था। भोग उपरांत मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में कीर्तन दरबार सजाए पूरे पंडाल में वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह के जयकारे गूंज उठे।

### हजारों छात्रों ने नवाया शीश

इस दौरान हजारों की संख्या में मेडिकल छात्र-छात्राओं, स्टाफ सदस्यों और संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष शीश नवाया और अरदास कर गुरू घर की कृपा प्राप्त की। इस अवसर पर आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा. एच.एस. गिल, आदेश ग्रुप की महासचिव कमलदीप कौर, आदेश ग्रुप के प्रबंध निदेशक गुर फतेह सिंह गिल, आदेश यूनिवर्सिटी भठिंडा के प्रबंध निदेशक डा. गुरप्रीत सिंह गिल, आदि ने संगत को प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई दी। गुरू नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त यूनिट डोनेट हुई।



### सेक्टर-3 स्कूल में श्रद्धा और उल्लास से मनाया प्रकाश पर्व

*कुरुक्षेत्र। श्रीगुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व किड्स प्लेनेट, प्रेम पब्लिक एवं लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर-3 में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। रागी जत्था भाई गुरजोत सिंह शाहाबाद मारकंडा वाले ने रसमयी गुरबाणी शब्द कीर्तन कर सभी को निहाल किया। विद्यालय परिसर में नगर पार्षद दुष्यंत बक्शी, सेक्टर-3 रैजीडेंटस वैलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष रिंकू सैनी, पूर्व सरपंच रतगल सुरजीत सिंह, जसविंदर सिंह प्रधान गुरुद्वारा साहिब रतगल, सेक्टर-7 एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में शिरकत की। इसके उपरांत बच्चों ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर कविता की सुंदर प्रस्तुति दी।*




### किड्जी स्कूल में पंजाबी पोशाक में छात्रों ने प्रस्तुतियों से समां बांधा

*लाडवा। लाडवा के किड्जी स्कूल में मंगलवार को गुरु पर्व का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल मे विशेष सभा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने पाठ और कीर्तन पेश किए। पारंपरिक पंजाबी पोशाक में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। इसके बाद छात्रों ने गुरुद्वारे का भी दौरा किया। नन्हे-मुन्नों ने सिखों के पहले गुरु नानक देव पर विचार रखे। बच्चों ने गुरुबाणी भी सुनाई। इसके बाद बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। पंज-प्यारे की अगुवाई में प्रभातफेरी निकाल बच्चों ने शांति और भाईचारे का संदेश दिया। स्कू कोल प्रिंसिपल विम्मी तनेजा ने बच्चों को गुरु नानक देव के जीवन संदेशों से सीख लेने का संदेश दिया।*



### विद्यार्थियों को गुरुनानक देव जी के बारे में विस्तार से बताया

*कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में गुरुपर्व के उपलक्ष में विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापिका किरण ने विद्यार्थियों को गुरुनानक देव जी के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही अध्यापिका रणबीर ने विद्यार्थियों को लंगर के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय में सामूहिक लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक श्री विकास गाबा जी, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, नीतू, सोनिया, रजनी, पायल, मोनिका, प्रियंका, सीमा, नैंसी आदि मौजूद रहे।*



### बच्चों ने किया ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब छठी पातशाही का भ्रमण

*कुरुक्षेत्र। गुरु पर्व के शुभ अवसर पर, फर्स्टक्राइ इनटैलीटोटस प्री-स्कूल व डे केयर सेंटर, ज्योति नगर, कुरुक्षेत्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक शैक्षिक और आध्यात्मिक भ्रमण के तहत ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब छठी पातशाही का दौरा किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सिख धर्म के महत्व और गुरुओं की शिक्षाओं से परिचित कराना तथा उन्हें सामुदायिक सद्भाव और सेवा भावना का पाठ पढ़ाना था। सेवा और सद्भावः बच्चों ने गुरुद्वारे में माथा टेका और अरदास में हिस्सा लिया। उन्हें गुरुवाणी श्रवण करने का भी अवसर मिला, जिससे उनमें धार्मिक और नैतिक मूल्यों का संचार हुआ।*



### गुरु नानक देव के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला

*पिहोवा। अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में आज श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में धार्मिक भजन-कीर्तन के साथ गुरु पर्व का शुभारंभ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती पूनम काहड़ा ने अपने संबोधन में गुरु नानक देव जी के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक देव जी ने मानवता, समानता और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने ह्लनाम जपो, कीरत करो और वंड छकोह्व के सिद्धांतों को जीवन का आधार बताया, जो आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।*

## संत नामदेव घुमान यात्रा का स्वागत

**यात्रा में शामिल 180 लोगों ने गुरु दरबार में शीश नवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाराष्ट्र के भक्तों को आध्यात्मिकता, पर्यटन, इतिहास और संस्कृति का अनूठा अनुभव प्रदान करने वाली नानक साईं फाउंडेशन की नांदेड़ से नरसी नामदेव होते हुए अमृतसर तक की11वीं घुमन यात्रा धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंची। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा 6वीं पातशाही में इस यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल 180 लोगों ने गुरु दरबार में शीश नवाया। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने यात्रा के प्रमुख पंढरीनाथ बोकारे और सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया। नानक साई फाऊंडेशन के हरियाणा प्रदेश प्रमुख सरदार तेजिंदर सिंह मक्कड़, सरदार कंवलजीत सिंह जराना द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।



### संत समाज को जोड़ने का काम करते : बोकारे

यात्रा के प्रमुख पंढरीनाथ बोकारे ने बताया कि संत समाज को जोड़ने का काम करते हैं। संत नामदेव महाराज ने मराठी ध्वज को सीधे पंजाब तक पहुंचाया और पंजाब और महाराष्ट्र में भाईचारा पैदा किया। उनके काम की स्मृति को बनाए रखने के लिए, नानकसाई फाउंडेशन हर साल कोई लाभ नहीं, कोई नुकसान नहीं के आधार पर घुमनयात्रा का आयोजन करता है। नांदेड़ के लंगर साहिब गुरुद्वारे के प्रमुख संत संत बाबा नरेंद्र सिंह जी और संत बाबा बलविंदर सिंह जी की कृपा और आशीर्वाद लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा आई है।

## कार्तिक पूर्णमासी आत्म कल्याण और साधना के लिए शुभ अवसर : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर और श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने भक्तों को बताया कि 5 नवंबर अश्विनी नक्षत्र, सिद्धि योग और मेष राशि के चन्द्रमा सहित दान पुण्य हेतु कार्तिक मास की पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस पूर्णिमा का विशेष महत्व है क्योंकि श्री गुरुनानक देव की जयंती भी है। इस कारण ये दिन सिक्ख धर्म के लोगों के लिए बहुत विशेष महत्त्वपूर्ण है। भक्तों के द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण जी का व्रत किया जाएगा। श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली कुरुक्षेत्र के पुजारी कार्तिक मास की कथा और यज्ञ प्रातः 5 बजे भक्तों के साथ करेंगे।



### योग सभी साधकों के लिए जरूरी : औलिया

समर्थगुरु धाम, मुरथल के संस्थापक आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया जी ने ट्विटर के माध्यम से बताया कि अतीत या भविष्य में अथवा समय में जीना तुम्हारी नियति है। वर्तमान में जीना तुम्हारा चुनाव है। सिद्धार्थ ध्यान योग सभी साधकों के लिए अति आवश्यक है। विशेष सुमित्रा पाहवा, शिमला धीमान, पायल सैनी, ऊषा शर्मा, आशा कवात्रा, निशा अरोड़ा, अनु पाहवा, सीमा, कोमल मेहरा, संगीता तलवाड़ और भक्त सुशील तलवाड़ आदि भक्तों ने ध्यान, भगवान संकीर्तन और आरती की और पूजा अर्चना के बाद सभी भक्तों ने प्रसाद श्रद्धा अनुसार लिया।

## ज्योतिसर अनुभव केंद्र में 2 करोड़ की लागत से बनेगा पंचजन्य स्मारक : सुधा

**पूर्व राज्यमंत्री ने निर्माण कार्य का किया शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर को विश्व का एक सुंदर पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रयास किए है और करीब 206 करोड़ रुपए की लागत से ज्योतिसर अनुभव केन्द्र तैयार किया है। इस ज्योतिसर अनुभव केंद्र के परिसर में अब भव्य पंचजन्य स्मारक बनाया जाएगा। इस स्मारक पर भव्य शंख स्थापित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर करीब 2 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को इस पंचजन्य स्मारक का उद्घाटन भी कर सकते है। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को ज्योतिसर अनुभव केंद्र में केडीबी व प्रशासन की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पंचजन्य स्मारक के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि इस पंचजन्य स्मारक का निर्माण ज्योतिसर अनुभव केंद्र के बाहर परिसर में किया जाएगा। इसका डिजाइन तैयार कर लिया गया है और इस डिजाइन के अनुसार इस पर एक भव्य शंख भी स्थापित किया जाएगा। इस स्मारक को भव्य और सुंदर बनाया जाएगा ताकि विश्व के कोने-कोने से आने वाले पर्यटक ज्योतिसर अनुभव केन्द्र में प्रवेश करने से पहले इस भव्य स्मारक के दर्शन कर सके।





## अलीशा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्राप्त किया सांत्वना पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** पैनोरमा एवं साइंस सेंटर द्वारा विजिलेंस अवर शेयर्ड रिस्पॉनसबिलिटी विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देना और भ्रष्टाचार-मुक्त समाज की स्थापना करना है। प्रतियोगिता में हमारे विद्यालय के दस विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर प्रभावशाली और सार्थक स्लोगन प्रस्तुत किए। यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमारी कक्षा 10वीं की छात्रा अलीशा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में जागरूकता, जिम्मेदारी तथा ईमानदारी जैसे मूल्यों को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय अभ्यास सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी एवं प्राचार्या सुमन बाला ने छात्रा को बधाई दी।


**धर्म- कर्म** | विभिन्न प्रदेशों से श्रद्धालु रथ यात्रा मे लेंगे हिस्सा, कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण

**अमीन रोड स्थित जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ भगवान श्री ब्रह्मा मंदिर की ओर से होगा कार्यक्रम का आयोजन**

# धर्मनगरी में आज निकलेगी श्री ब्रह्माजी रथ यात्रा, तोरणद्वारों से सजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अमीन रोड स्थित जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ भगवान श्री ब्रह्मा मंदिर की ओर से कार्तिक पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। संघ के संस्थापक स्वामी शक्तिदेव महाराज के सानिध्य में पांच नवंबर को भगवान श्री ब्रह्मा जी रथयात्रा निकाली जाएगी। धर्मनगरी में रथयात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से निकलेगी। जिसे लेकर पूरे कुरुक्षेत्र को तोरणद्वारों के साथ विशेष रूप से सजाया गया गया है। रथ यात्रा में न केवल कुरुक्षेत्र बल्कि विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। संघ के संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित ने बताया कि रथयात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।



कुरुक्षेत्र। रंग-बिरंगी लाइटों से सजा ब्रह्मा मंदिर।

### ओंकार महायज्ञ होगा

रथयात्रा में विशेष रूप से भगवान श्री ब्रह्मा जी का रथ आकर्षण का केंद्र रहेगा। रथयात्रा से पूर्व मंदिर में ओंकार महायज्ञ होगा। इसके बाद सामूहिक रूप से कन्याओं का पूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा भगवान ब्रह्मा जी का विशेष दिवस है। इस दिन भगवान ब्रह्मा जी की रथ यात्रा निकालने का सतयुग से विधान है। हमें इस पर्व पर विशेष रूप से शामिल होना चाहिए और भगवान ब्रह्मा के रथ के दर्शन करने चाहिए। वहीं रथ को श्रद्धा के साथ खीचने वाले जीव पर सृष्टि रचिता ब्रह्मा भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### 52 झाकियां और 1100 महिलाएं उठाएंगी कलश

रथयात्रा के दौरान मां भगवती के रूप, शिव, विष्णु अवतार सहित कुल 52 झाकियां शामिल की जाएंगी। जिनमें भगवान ब्रह्मारथ, गोमाता और आदिशक्ति भगवती की झाकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा में 1100 महिलाएं शीश पर मंगल कलश भी धारण करते हुए शामिल होंगी। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन शीश पर कलश धारण करने वाली महिलाओं का सुहाग बना रहता है। इसके अलावा आर्मी बैंड, सारंगी, ढोल ताशा पार्टी और ऊंट व घोड़े शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे।

### यह रहेगा यात्रा का रुट

पंडित शिव नारायण दीक्षित ने बताया कि रथयात्रा पांच नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे ब्रह्मा मंदिर से शुरू होगी। जो राजेश पायलट चौक, 7बी 51 फुटा रोड, सलारपुर रोड, रेलवे रोड, गुरुद्वारा छठी पातशाही गुरुद्वारा और आनंदपुर कुटिया रोड के रास्ते से होते हुए अमीन रोड स्थित मंदिर में पहुंचेगी।

